**INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL,DAMMAM**
**MIDDLE SECTION**
**ANNUAL EXAM - REVISION WORKSHEET– 2023-24**

**CLASS: VIII** **SUBJECT: HINDI**

---

## PORTION

**L-** 8. यह सबसे कठिन समय नहीं **L-** 9. कबीर की साखियाँ **L-** 12. सुदामा चरित

**L – 13** जहाँ पहिया **है** **L-** 14. अकबरी लोटा 17. बाज और साँप

**व्याकरण** -

विराम चिन्ह, विशेषण के भेद, निर्देशानुसार उत्तर लिखिए, अनेकार्थी शब्द, **मुहावरे**, संधि, शब्द व वाक्य शुद्धिकरण, पठित व अपठित गद्यांश, पठित पद्यांश, अनौपचारिक पत्र, अनुच्छेद लेखन (**भावना से कर्तव्य ऊँचा है**)

**I. . *निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनिए-***

बढ़ती जनसंख्या ने अनेक प्रकार की समस्याओं को जन्म दिया है- रोटी, कपड़ा, मकान की कमी, बेरोजगारी, निरक्षता, कृषि एवं उद्‌योगों के उत्पादनों में कमी आदि। हम जितना अधिक उन्नति करते हैं या विकास करते हैं जनसंख्या उनके अनुपात में कहीं अधिक बढ़ जाती है। बढ़ती जनसंख्या के समक्ष सभी सरकारी प्रयास असफल दिखाई देते हैं। कृषि उत्पादन और औद्‌योगिक विकास बढ़ती जनसंख्या के सामने नगण्य सिद्ध हो रहे हैं। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए जनसंख्या वृधि पर नियंत्रण की अति आवश्यकता है। इसके बिना विकास के लिए किए गए सभी प्रकार के प्रयत्न अधूरे रह जाएँगे।

(क) बढ़ती जनसंख्या ने किसे जन्म दिया है?

(i) दुर्गुणों को (ii) अनेक प्रकार की समस्याओं को
(iii) दुर्भावनाओं को (iv) अनेक प्रकार की विपदाओं को।

(ख) विकास कार्य क्यों नहीं दिखाई देते ?

(i) राजनीतिक अक्षमता के कारण (ii) समस्याओं के कारण
(iii) भ्रष्टाचार के कारण (iv) जनसंख्या की वृद्धि के कारण

(ग) बढ़ती जनसंख्या ने इनमें से किस समस्या को जन्म नहीं दिया है?

(i) रोटी कपड़े की समस्या (ii) बेरोजगारी की समस्या
(iii) निरक्षरता की समस्या (iv) दहेज की समस्या

(घ) बढ़ती जनसंख्या के समक्ष कौन से प्रयास असफल दिखाई देते हैं?

(i) सभी सरकारी प्रयास (ii) सभी मानवीय प्रयास
(iii) सभी गैर-सरकारी प्रयास (iv) सभी सामाजिक प्रयास

(ङ) गद्यांश के लिए उचित शीर्षक **चुनिए** ।

(i) निरक्षता (ii) बढ़ती जनसंख्या (iii) औद्‌योगिक विकास (iv) कृषि उत्पादन

**INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL,DAMMAM**
**MIDDLE SECTION**
**ANNUAL EXAM - REVISION WORKSHEET– 2023-24**

**CLASS: VIII** **SUBJECT: HINDI**

---

**II.** ***निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनिए-***

अभी भी भीड़ है स्टेशन पर
अभी भी एक रेलगाड़ी जाती है
गंतव्य तक
जहाँ कोई कर रहा होगा प्रतीक्षा
अभी भी कहता है कोई किसी को
जल्दी आ जाओ कि अब
सूरज डूबने का वक्त हो गया
अभी कहा जाता है
उस कथा का आखिरी हिस्सा
जो बूढ़ी नानी सुना रही सदियों से
दुनिया के तमाम बच्चों को
अभी आती है एक बस
अंतरिक्ष के पार की दुनिया से

(क).अभी भी स्टेशन पर क्या है ?

(i) भीड़ (ii) रेलगाड़ी (iii) गंतव्य (iv) बस

(ख) रेलगाड़ी कहाँ तक जाती है ?

(i) अंतरिक्ष (ii) स्टेशन (iii) दुनिया (iv) गंतव्य

(ग).बूढ़ी नानी क्या सुना रही हैं ?

(i) कथा का अंत (ii) आधी कथा (iii) कथा का आखिरी हिस्सा (iv) इनमे से कोई नहीं

(घ).बस कहाँ से आती है ?

(i) अंतरिक्ष के पार की दुनिया से (ii) नागपुर से
(iii) कथा के आखिरी हिस्सा से (iv) सभी सही है

(ङ) इस कविता के कवि हैं ______________

(i) जया जादवानी (ii) महादेवी वर्मा (iii) सूर्यकांत त्रिपाठी (iv) कामतानाथ

**INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL,DAMMAM**
**MIDDLE SECTION**
**ANNUAL EXAM - REVISION WORKSHEET– 2023-24**

**CLASS: VIII** **SUBJECT: HINDI**

---

**III.** ***निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनिए-***

लाला झाऊलाल को खाने-पीने की कमी नहीं थी। काशी के ठठेरी बाजार में मकान था। नीचे की दुकानों से एक सौ रुपये मासिक के करीब किराया उतर आता था। अच्छा खाते थे, अच्छा पहनते थे, पर ढ़ाई सौ रुपये तो एक साथ आँख सेंकने के लिए भी न मिलते थे। इसलिए जब उनकी पत्नी ने एक दिन एकाएक ढाई सौ रुपये की माँग पेश की, तब उनका जी एक बार जोर से सनसनाया और फिर बैठ गया। उनकी यह दशा देखकर पत्नी ने कहा- 'डरिए मत, आप देने में असमर्थ हों तो मैं अपने भाई से माँग लूँ?'

(क).उपर्युक्त गद्यांश के पाठ का नाम बताएँ -

क) कामचोर (ख) सुदामा चरित (ग) टोपी (घ) अकबरी लोटा

(ख) लाला झाऊलाल का मकान कहाँ था?

(क) काशी के ठठेरी बाजार में (ख) काशी के ठेठरी बाजार में
(ग) काशी के नठेरी बाजार में (घ) काशी के पटोरी बाजार में

(ग) झाऊलाल के मकान के नीचे ______ थी?

(क) गलियाँ (ख) दुकानें (ग) सड़के (घ) दीवारे

(घ) लाला झाऊलाल की पत्नी ने झाऊलाल से कितने पैसे माँगे?

(क) तीन सौ रुपये (ख) सौ रुपये (ग) दो सौ रुपये (घ) ढाई सौ रुपये

**IV. निर्देशानुसार उत्तर लिखो।**

**(i)** बाज़ का शरीर लुढ़कता हुआ ____________ में जा गिरा। ( समुद्र / नदी )

**(ii)** ____________ हर शाम आधा घंटे के लिए किराए पर साइकिल लेती है । (जमीला / फातिमा )

**(iii)** गिरने से पूर्व लोटा एक दुकान के ____________ से टकराया । ( सायबान / बियाबान )

**(iv)** भारत के सर्वाधिक गरीब जिलों में से एक है __________। (पुडुकोट्टई / किलाकुरुचि)

**(v)** मेहनत का <u>फल</u> हमेशा अच्छा होता है। (रेखाकिंत शब्द का वाक्य के अनुसार अर्थ लिखिए)

**(vi)** मेजर डगलस ने जहाँगीरी अंडा __________ रुपये में खरीदा। (पाँच सौ रुपये / तीन सौ रुपये)

**(vii)** विशेषण के __________ भेद हैं (पाँच / चार / तीन)

**V.** (क) निम्नलिखित में से कौन सा शब्द गुणवाचक विशेषण है –

(क) एक किलो (ख) वह (ग) अहंकारी (घ) पाँच

(ख) रमेश **<u>तीन मीटर</u>** कपड़ा लाओ। (रेखांकित शब्द के लिए उचित विशेषण का भेद लिखिए)

**(क)** निश्चित परिमाणवाचक विशेषण **(ख)** निश्चित संख्यावाचक विशेषण
(ग) सार्वनामिक विशेषण (घ) **गुणवाचक विशेषण**

(ग) मैदान में **चार** लड़के खेल रहे है। (**रेखांकित शब्द के लिए उचित विशेषण** का **भेद लिखिए**)

(क) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण (ख) निश्चित संख्यावाचक विशेषण
(ग) सार्वनामिक विशेषण (घ) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण

(घ) **मेरा** भाई विजयी हुआ। (**रेखांकित शब्द के लिए उचित विशेषण** का **भेद लिखिए**)

(क) **गुणवाचक विशेषण** (ख) निश्चित संख्यावाचक विशेषण
(ग) सार्वनामिक विशेषण (घ) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण

(ङ) चाय में **कम** चीनी डालना।

(क) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण (ख) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण
(ग) सार्वनामिक विशेषण (घ) **गुणवाचक विशेषण**

**रेखांकित शब्दों के विशेषण भेद लिखिए -**

1. **परिश्रमी** बच्चे सफल होते है। ______________________
2. **मेरा** भाई विजयी हुआ। ______________________
3. **अहंकारी** रावण मारा गया। ______________________
4. **कुछ** लोग आपस में लड़ रहे है। ______________________
5. मेरे पास एक **लंबी** गाड़ी है। ______________________
6. **बहुत सारे** छात्र पढ़ रहे है। ______________________
7. **वह** मकान बिक गया। ______________________
8. **थोड़े** चावल दे दो। ______________________
9. बस में **बीस** यात्री बैठे है। ______________________
10. मेरा सूट **चार मीटर** कपड़े में बनेगा। ______________________
11. रवि ने **पाँच दर्जन** केले खरीदे। ______________________
12. **यह** पुस्तक सीमा की है। ______________________
13. पेड़ पर **कुछ** पक्षी बैठे हैं। ______________________
14. आज उसने **नीली** कमीज़ पहनी है। ______________________
15. इस कमरे में **चार** दरवाज़े हैं । ______________________

VI. (क) मेहनत का **फल** हमेशा अच्छा होता है। (रेखांकित शब्द का अर्थ लिखिए)

(क) बाण (ख) कर (ग) लाभ (घ) खाने का फल

(ख) ‘ **कर** ’ का अनेकार्थी शब्द समूह है - __________

क) गिनती, गोद (ख) खाने का फल, (ग) चाल, मछली पकड़ने का जाल (घ) हाथ, टैक्स

(ग) ‘ **तीर** ’ का अनेकार्थी समूह है __________

क) खाने का फल, लाभ (ख) हाथ, (ग) बाण, नदी का किनारा (घ) गिनती, गोद

**निम्नलिखित शब्दों के लिए अनेकार्थी शब्द लिखिए -**

अंक - ____________ ____________ तीर - ____________ ____________

फल - ____________ ____________ कर - ____________ ____________

जाल - ____________ ____________

**निम्नलिखित में रेखाकिंत शब्द का वाक्य के अनुसार अर्थ लिखिए –**

मास्टर जी ने आज छोटे बच्चों को एक से दस तक के अंक लिखना सिखाया है। - ____________

माधव के कर में सौ सोने के सिक्के हैं । - ____________

भारत में विभिन्न प्रकार के फल उपलब्ध हैं। - ____________

अपनी मूर्खता के कारण कुणाल दुश्मन के जाल में फँस गया। - ____________

नदी के तीर पर पड़ी नाव में छेद है। - ____________

देश के नागरिकों को हर साल कर भरने हैं। - ____________

मेहनत का फल हमेशा अच्छा होता है। - ____________

मछुआरा जाल से मछली पकड़ता है। - ____________

छोटी बच्ची माँ के अंक में आराम से सो रही है । - ____________

जयपाल निशाने पर तीर चलाने में बहुत निपुण है । - ____________

**VII.** (क) किस वाक्य में उचित विराम चिन्ह का प्रयोग किया गया है –

(क) लाल, हरा, पीला, नीला, और गुलाबी, मेरे प्रिय रंग है।

(ख) लाल, हरा, पीला, नीला, और गुलाबी, मेरे प्रिय रंग है?

(ग) लाल, हरा, पीला, नीला और गुलाबी मेरे प्रिय रंग है।

(घ) लाल, हरा, पीला, नीला, और गुलाबी, मेरे प्रिय रंग है!

(ख) किस वाक्य में उचित विराम चिन्ह का प्रयोग किया गया है –

(क) महात्मा गाँधी ने कहा, "करो या मरो।" (ख) महात्मा गाँधी ने 'कहा करो या मरो।'

(ग) महात्मा गाँधी ने कहा, करो या मरो ? (घ) "महात्मा गाँधी" ने कहा, करो या मरो।

(ग) प्रश्नवाचक चिह्न कौन सा है ?

(क) , (ख) ! (ग) ? (घ) ।

**निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिह्न लगाइए -**

1. कामचोर पाठ के लेखक कौन हैं
2. महात्मा गाँधी ने कहा करो या मरो
3. लाल हरा पीला नीला और गुलाबी मेरे प्रिय रंग है
4. तुम कहाँ जा रहे हो
5. भारत में 14 मार्च 1931को सिनेमा ने बोलना सीखा
6. मैं कल हैदराबाद जाऊँगा
7. वाह तुमने तो कमाल कर दिया
8. वाह तुमने तो कमाल कर दिया
9. उसने पूछा तुम कहाँ रहते हो
10. पिताजी सेब संतरे केले व पपीता लाए
11. शीला बोली मैं लीली और बिमला मेला देखने जाएँगे
12. क्या तुमने अपना गृहकार्य पूरा कर लिया
13. प्रेमचंद ने मानसरोवर नामक कहानी संग्रह की रचना की है
14. रामधारी सिंह दिनकर ने भगवान के डाकिए कविता लिखी

**VIII.** (क) अंधे की लाठी। मुहावरे का अर्थ लिखिए -

(क) बेईमानी करना (ख) शोभा बढ़ाना (ग) एकमात्र सहारा (घ) थक जाना

(ख) गागर में सागर भरना। मुहावरे का अर्थ लिखिए -

(क) कम शब्दों में बहुत कहना (ख) क्रोध को भड़काना (ग) निरंतर कार्य करना (घ) शोभा बढ़ाना

(ग) कोल्हू का बैल। मुहावरे का अर्थ लिखिए -

(क) एकमात्र सहारा (ख) धीरज रखना (ग) भाग्य खुलना (घ) निरंतर कार्य करना

| **निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए -** | **अर्थ** |
|---|---|
| 1. अंधे की लाठी | |
| 2. अच्छे दिन आना | |
| 3. आग में घी डालना | |
| 4. कलेजे पर पत्थर रखना | |
| 5. ईद का चाँद होना | |
| 6. कमर टूटना | |
| 7. कोल्हू का बैल | |
| 8. गोलमाल करना | |
| 9. गागर में सागर भरना | |
| 10. चार चाँद लगाना | |

**INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL,DAMMAM**
**MIDDLE SECTION**
**ANNUAL EXAM - REVISION WORKSHEET– 2023-24**

**CLASS: VIII** **SUBJECT: HINDI**

---

**IX.** (क) ' वार्तालाप ' का सही संधि विच्छेद है -

(क) वार्ता + आलाप (ख) वार्त + आलाप (ग) वा + आलाप (घ) वार्ता + लाप

(ख) 'महोदय' का सही संधि विच्छेद है -

(क) महो + दय (ख) मह + उदय (ग) महा + उदय (घ) महान + उदय

**संधि कीजिए**

शुभ + आरंभ = ______________ यथा + अर्थ = ______________ वार्ता + आलाप = ______________

लघु +उपदेश = __________ स्व +इच्छा = _________ हरि + ईश = __________ महा + उदय = ____________

देव +ऋषि = ______________ परि + ईक्षा = ______________ गंगा + उदक = ______________

**X. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य चुनिए -**

1. **(क)** मुझे एक सेब काटकर दो। **(ख)** मुझे एक काटकर दो सेब ।
   **(ग)** मुझे काटकर एक सेब दो। **(घ)** मुझे एक काटकर सेब दो।

2. **(क)** हमारे को भी जाना है। **(ख)** पंखे से ठंडी हवा आ रहा है।
   **(ग)** यहाँ ताज़ा गाय का दूध मिलता है। **(घ)** **यहाँ कूड़ा मत फेकों ।**

**निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए।**

1. वह लड़के को बुला लाओ। ________________________________
2. मेरा पिताजी दफ़्तर गया है। ________________________________
3. नल से पानी बह रहे हैं। ________________________________
4. यहाँ कूड़ा नहीं फेंको। ________________________________
5. दादी ने कहानी को बच्चों सुनाई। ________________________________
6. बच्चे को बोतल में डालकर दूध दो। ________________________________
7. पिताजी कुर्सी में बैठे हैं। ________________________________
8. गाँधीजी बोलते थे सदा सत्य। ________________________________
9. मैं पढ़ाई किया। ________________________________
10. वह रविवार के दिन आएगा। ________________________________
11. वह लड़के को बुला लाओ। ________________________________
12. मेरा पिताजी दफ़्तर गया है। ________________________________
13. नल से पानी बह रहे हैं। ________________________________
14. यहाँ कूड़ा नहीं फेंको। ________________________________
15. दादी ने कहानी को बच्चों सुनाई। ________________________________

16. बच्चे को बोतल में डालकर दूध दो। ____________________

**XI निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए –**

फब्ती - __________ यकीन - __________ घिसीपिटी - __________
अदब - __________ खुराफाती - __________ गढ़न - __________
ईज़ाद - __________ पारसाल - __________ शिखर - __________
असीम - __________ सरिता – __________ खोखल - __________

**XII. निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए -**

यकीन – ____________________
घिसीपिटी – ____________________
खुराफाती – ____________________
ईज़ाद – ____________________
असीम - ____________________
सरिता - ____________________

**XIII.. निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध कीजिए।**

दूर्लभ __________ वीयोग __________ अदमरा __________
**भुचाल** __________ आत्मसमान __________ पृष्टभूमि __________
प्रतीष्टा __________ ग्रामीन __________ अंतरधान __________
सुशिक्षीत __________ **व्याकूल** __________ एतिहासिक __________

**XIV. भावना से कर्तव्य ऊँचा है'** विषय पर अनुच्छेद लिखिए ।

**XV** छात्रावास में रह रहे अपने छोटे भाई को पढ़ाई के साथ–साथ प्रातःकालीन भ्रमण का महत्त्व समझाते हुए पत्र लिखिए।

**NOTE: LEARN Q/A FROM NOTE BOOK AND READ THE TEXT BOOK THOROUGHLY**

***************ALL THE BEST *****************